‘चौधरी देवीलाल गौरव सम्मान’

चर्चा में क्यों?

6 अप्रैल, 2023 को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने भूतपूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल की पुण्यतिथि के अवसर पर नई दिल्ली के ‘ली-मेरीडियन होटल’में ‘मेरी माँ फाउंडेशन’द्वारा आयोजित कार्यक्रम में चिकित्सा, शिक्षा, मीडिया समेत कई क्षेत्र की विभूतियों को ‘चौधरी देवीलाल गौरव सम्मान’से नवाज़ा।

प्रमुख बिंदु

- ‘मेरी माँ फाउंडेशन’के उपाध्यक्ष दिनेश डागर ने बताया कि संस्था द्वारा भूतपूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल की याद में अब तक सात कार्यक्रम किये जा चुके हैं, आज का कार्यक्रम सातवाँ था, जिसमें चिकित्सा, शिक्षा, प्रशासन, समाजसेवा, खेलकूद, मीडिया समेत कई विभूतियों को इस सम्मान से नवाज़ा गया है।
- सम्मानित किये गए लोगों में जसन महला, सतपाल दलाल, अजयदीप लाठर, अनुज मिश्रा, बिजेंद्र बंसल, शिव कुमार, सुनील बाल्याण, नवीन गौतम, रोबिंदर नारायण समेत 150 गणमान्य लोग शामिल थे।
- ज्ञातव्य है कि भूतपूर्व उपप्रधानमंत्री देवीलाल ने वैसे तो प्रत्येक क्षेत्र के लोगों की भलाई के लिये कार्य किये थे, परंतु उन्होंने गरीब मज़दूर व किसान वर्ग के उत्थान के लिये जो काम किये उनको आज भी लोग याद करते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chaudhary-devi-lal-gaurav-samman-